हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



12 पाइप लाइन बिछाने खोदी सीसी रोड, गड्ढे बरसात में बने जानलेवा...



[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

## खबर संक्षेप

### शहरी क्षेत्र में बढ़ा नशों का व्यापार

**भाटापारा।** नगर में हो रहे हर क्षेत्रों में विकासशील कार्यों के साथ-साथ जहां नगर प्रतिष्ठित हो रहा, वहीं दूसरी ओर शहर में हो रहे अपराध व नशीली पदार्थों की बिक्री के लिए सरल सेवाओं पर कानून व्यवस्था की रोकथाम या लगाम वाला विभाग की व्यवस्था चिरमिराई है।शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले आम नशीली मेडिकल दवाइयां व अन्य नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं। वहीं एसे असामाजिक तत्वों के लोगों के मन में पुलिस प्रशासन का भय समाप्त सा प्रतीत होता है।लगातार हो रहे अपराध का प्रमुख कारण शहर में बेधड़क नशीली पदार्थों का विक्रय करना है।शहर के भीड़ भाड़ इलाके व शिक्षा संस्थानों के आस पास का स्थान ले सभी स्थान जिससे समान्यजन अपने सकारात्मक कार्य के उपयोग में लेते हो वे सभी प्रभावित हो रहे हैं। नगर की महिला का ऐसे स्थानों से गुजरना मुश्किल हो रहा है।

### मोहर्रम पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने मोहर्रम के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भांडागार, महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है।

### महुआ शराब की बिक्री दो के खिलाफ मामला

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने महुआ शराब बिक्री के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चिपरीकोना के सपनो सिदार पिता राम सिदार (36 साल) के कब्जे से 9000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए और ग्राम मंजनीमाटी के अनिश धृतलहरे पिता तेजराम (19 साल) के कब्जे से 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### युवती ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम नाहनाचंडी रायपुर निवासी युवती ने सरायपाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरायपाली पुलिस ने बताया कि हेमलता जांगड़े पिता भारतलाल जांगड़े (29 साल) निवासी ग्राम नाहनाचंडी रायपुर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी से युवकों ने मारपीट की

**महासमुंद।** उधार में पेट्रोल डालने से मना करने पर दो बाइकों में सवार होकर आए युवकों ने पंप कर्मचारी से मारपीट कर दी। मामला ग्राम शेर स्थित पेट्रोल पंप का है। सिटी कोतवाली में प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुजेंद्र साहू पिता कार्तिक साहू (22 साल) ग्राम शेर के सनराइस किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप में काम करता है। 15 जुलाई की सुबह 9 बजे पल्सर मोटर साइकल सीजी 06 जीएक्स 1554 तीन लड़के एवं बिना नंबर की बजाज प्लेटिना में तीन लोग पंप में आए।
पुलिस ने बताया कि पल्सर चालक अनिल ध्रुव ने अपनी बाइक में उधार में पेट्रोल डालने कहा। जब प्रार्थी ने उसे कहा कि पूर्व में भी उधार है और पैसा दो, तब पेट्रोल डालूंगा, इसी बात पर आरोपी अनिल ध्रुव एवं उसकी मोटर साइकल में बैठे जितेंद्र साहू तथा प्लेटिना मोटर साइकिल में बैठे तीन लोगों ने धक्का मुक्की एवं गाली गलौज कर मारपीट किया, जिससे सिर एवं गाल में चोट आई है।

# कलेक्टोरेट में आग और तोड़फोड़ के पांच आरोपी और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- अब तक 168 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

कलेक्टोरेट में आगजनी और वहां स्थित वाहनों में तोड़फोड़ के साथ आग लगाने वाले आरोपियों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

इसके तहत पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल 5 आरोपियों को और गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में भीम रेजीमेंट छ.ग. के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी भी शामिल हैं। दिनेश चतुर्वेदी एवं हेमंत बंजारे को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा पकड़े गए अन्य 3 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। प्रकरण में मंगलवार तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 168 आरोपियों को गिरफ्तार की जा चुकी है।

धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है।

## गिरफ्तार आरोपियों में भीम रेजीमेंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी भी शामिल

### सरगर्मी से पता तलाश जारी है

प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम की रणनीति बनाने, पत्थरबाजी करने एवं तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है।



### इनकी हुई गिरफ्तारी

उक्त घटना में दिनेश चतुर्वेदी 38 साल निवासी सांकरा थाना बेरला जिला बेमेतरा प्रदेश अध्यक्ष संस्थापक भीम रेजीमेंट छ.ग., हेमंत बंजारे 29 वर्ष निवासी ग्राम धौराभाठा थाना साजा जिला बेमेतरा, नारायण बंजारे 34 साल निवासी ग्राम रानीजरौद थाना सुहेला, टिकेश्वर कुमार लहरे 27 साल निवासी ग्राम घोठिया थाना खैरागढ़ जिला खैरागढ़–छुईखदान– गंडई और रेखराम सोनवानी 25 साल निवासी ग्राम रमपुरा थाना साजा जिला बेमेतरा आरोपी शामिल हैं।

## पालिका में कई अधिकारी आये और चले गए, लेकिन नहीं सुधरी व्यवस्था

# नगर की मूलभूत सुविधाओं को सुधारने में नगर पालिका नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में मुलभूत सुविधा के अलावा शहर के सुव्यवस्थित विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले नगरपालिका परिषद में कई अधिकारी आये और चले भी गये, लेकिन नगर की चरमराई व्यवस्था को सुधार पाने में नाकाम रहे हैं। नगर के मुख्य मार्ग सहित सम्पूर्ण बाजार क्षेत्र में सड़कों पर पसरा लगने व दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर सामान रखकर सजाने से हमेशा आवागमन बाधित रहने के अलावा अनेक बार वाद विवाद उत्पन्न होने से तनाव की स्थिति निर्मित हो चुकी है, लेकिन सड़कों से बेजा कब्जा हटाने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने से यह समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। नगर में मंडी रोड, नेहरू चौक से पुराने नगर पालिका कार्यालय मार्ग सहित बाजार की सभी सड़कों व गलियों पर सामान रखकर कब्जा करने की प्रथा को लेकर नगरवासियों द्वारा पूर्व में कई बार शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज एक दो दिनों तक पालिका की टीम द्वारा घूम-घूमकर दुकानदारों को सामान हटाने की हिदायत देकर अथवा मामूली फाईन वसूलकर खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर छोड़ दिया जाता है।



### व्यवसायिक काम्पलेक्स के दुकानदारों में भी आक्रोश

नगरपालिका द्वारा नये बस स्टैण्ड में व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण कर दुकानों की नीलामी कर आवंटन करते हुए वर्षों से खरीददारों से प्रतिमाह किराया भी वसूल किया जा रहा है, लेकिन दुकानदारों की शिकायत पर गौर करते हुए कार्रवाई नहीं किये जाने की जानकारी देते हुए कई दुकानदारों द्वारा बताया गया है कि उनकी दुकानों के सामने दिनभर चौपाटी के रूप में ठेला खोमचों में व्यवसाय करते हुए आसपास उनके द्वारा ग्राहकों को बैठने की सुविधा के लिए स्टुल, बैंच लगा रहे हैं। इसके अलावा चौपाटी में लगी ग्राहकों की भीड़ द्वारा अपनी वाहनों को दुकानों के सामने सड़क पर खड़ी कर देने से ग्राहकों का व्यवसायिक काम्पलेक्स की दुकानों तक पहुंचना मुश्किल होने से उनका व्यवसाय चौपट हो गया है। इस बारे में शिकायत करने पर दो वर्ष पूर्व नगरपालिका द्वारा दुकानों के सामने लगने वाले ठेले खुमचों को मुरूम खदान तालाब के समीप निर्मित चौपाटी में तीन माह के भीतर स्थानांतरित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया थ, लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें स्थानांतरित नहीं किया गया है। वहीं चौपाटी के रूप में बनायी गयी दुकानें खाली रहने से नशेडियों का अड्डा बना हुआ है।

### शीघ्र कार्रवाई की जाएगी

नगर के बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान रखकर सजाने वालों के खिलाफ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की मदद से शीघ्र कार्रवाई करने हेतु अभियान चलाया जावेगा। वहीं नये बस स्टैण्ड में व्यवसायिक काम्पलेक्स के दुकानदारों की समस्याओं को दूर करने पहल की जावेगी।

- **खिरोद भोई,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, बलौदाबाजार

## लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का विधानसभा घेराव 24 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- ब्लॉक स्तरीय बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति

लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस विधानसभा घेराव करने की तैयारी में जुटी है। इसके लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट-पाट, हत्या तथा 10 जून बलौदाबाजार में घटित आगजनी के विरोध में 24 जुलाई को विधानसभा घेराव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने ब्लाक से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने की अपील की गई। बैठक में कसडोल विधानसभा के प्रभारी आशीष गोयल व हितेंद्र ठाकुर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें लोकेश कन्नौजे अध्यक्ष रजककार बोर्ड, गोपी साहू जिला प्रभारी महामंत्री, मनीष चन्द्राकार, मेघनाथ यादव, ईश्वर चंद्रवंशी, रिंकू वर्मा, शशिकांत वर्मा, केजराम यादव, गुलाब यदु, लेखराम गनहरे, घनश्याम वर्मा सेवा दल अध्यक्ष, हेमंत वर्मा, मुरली साहू, शिव धीवर, फूलचंद गिलहरे ,राम ध्रुव, भक्त निराला, नेमू नारायण धृतलहरे ,सुरेश धृतलहरे, नंदेश्वर साहू उपाध्यक्ष रोहांसी नगर पंचायत, कमलनारायण सोनी आदि कार्यकर्ता बैठक उपस्थिति थे।

### राजस्व शिविर में नहीं दिखे अधिकारी-कर्मचारी

**गोपालपुर।** बिलाईगढ़ अन्तर्गत ग्राम गोपालपुर मे राजस्व शिविर रखा गया था, लेकिन इस शिविर में अधिकारी-कर्मचारी दिखाई नहीं दिये। इस कारण शिविर में शामिल लोग इधर-उधर चक्कर लगाते देखे गए। वहीं कुछ लोग शिविर स्थल की तलाश कर रहे थे, लेकिन कही पता नहीं चलने के कारण बैरंग लौट गए। शिविर के लिए कोटवार द्वारा मुनादी नहीं करवायी गई। आम लोग पेपर में समाचार पड़ कर आये थे। गौरतलब है कि स्कूल के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पटवारी से दस्तावेज बनवाना पड़ रहा है। ये लोग काम करवाने के लिए पटवारी के चक्कर कांट रहे हैं, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## महिला को बदनाम करने की साजिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



महिला के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया में फोटो वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचने के बाद जेल दाखिल किया है। थाना अंतर्गत की प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक वर्ष पूर्व पढ़ाई के दौरान ग्राम हरिनभट्ठा निवासी आरोपी कुंदन 23 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा से जान पहचान हुई तथा मिलना जुलना होने लगा। इस दौरान आरोपी ने प्रार्थीया के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी घर वालों को होने पर प्रार्थीया ने आरोपी से मिलना बंद कर दिया। इससे नाराज आरोपी कुंदन ने 22 मई को प्रार्थिया को बदनाम ▶▶ शेष पेज 11 पर

## हैंडबॉल स्पर्धा के लिए 96 खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




विकासखंड एवं जिला स्तरीय हैंडबाल शालेय चयन प्रतियोगिता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा में हुई। इसमें व्यायाम शिक्षक परिचय मिश्रा ने बताया इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी सहभागी बने और कुल 96 खिलाड़ियों का चयन क्रमशः 14, 17 व 19 बालक बालिका वर्ग में हुआ। यहां चयनित खिलाड़ी बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर संभाग के संभाग स्तरीय खेल में भाग लेंगे। इस अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा के प्राचार्य आरपी बांधे, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, विकासखंड सहायक क्रीड़ा अधिकारी शरद पंसारी उपस्थित थे। इन खिलाड़ियों के चयन पर अमित तिवारी, भूमेश पाण्डेय, व्यायाम शिक्षक योगेश कटलिया, तरुण सेन, चंद्रकांत बांगड़े, अखिलेश यादव, उमाशंकर राठौर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## बाइक और हाईवा में भिड़ंत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- मंडी में आने वाले भारी वाहन से बढ़ी घटनाएं

एक बार फिर नगर का व्यस्तम मार्ग में से एक मंडी रोड में दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आयी है। घटना मंगलवार दोपहर की हैं, जब एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र लिंग रोड में श या मा श या म पेट्रोल पंप से गुजर रहे थे, तभी उनकी एक हाईवा से भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें भाटापारा सिविल हस्पताल में भर्ती किया गया है। विदित हो की इस मार्ग में हर दूसरे दिन कोई न कोई दुर्घटना घटती हैं। भाटापारा अनाज मंडी में जिस प्रकार से भारी वाहनों की आवा जाही बढ़ रही हैं, उस हिसाब से किसी ▶▶ शेष पेज 11 पर



### लिंक रोड पर नहीं थम रहीं दुर्घटनाएं

नगर में दुर्घटनाओं का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है, फिर चाहे वो कल का मामला हो या कुछ दिन पहले, मंडी में आए एक ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत का मामला या उससे पहले देवरी रोड में दो बुजुर्ग की मौत का मामला। दुर्घटनाओं की फेहरिस्त तो बहुत लंबी है, परंतु इस सब से निपटने के लिए की गई कार्रवाई दिखायी नहीं दे रही है। एक ही रोड में हो रही इन सभी घटनाओं से नगर अब सहम गया हैं।

## सड़क किनारे शराब बिक्री करने वाले 38 संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

# क्षेत्र के होटल, ढाबा में पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पुलिस द्वारा होटल, ढाबा, ठेला आदि में लोगों को पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले 38 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम 13 जुलाई को क्षेत्र की शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क किनारे स्थित होटल ढाबा आदि में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले 38 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की। विदित हो कि इन दिनों दौरान पुलिस टीम द्वारा खाने, पीने, बैठने आदि की व्यवस्था कराते हुए होटल, ढाबा, ठेला एवं चखना सेंटर चलाने के अंवैधानिक कार्यों में लिप्त, सार्वजनिक



स्थान में बैठकर नशापन करने एवं शराब पीने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली द्वारा 12 आरोपी, थाना भाटापारा शहर द्वारा 7, थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 8 आरोपी, थाना लवन द्वारा 2, थाना सिमगा द्वारा 6 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 1, और थाना पलारी द्वारा 2 आरोपियों को अपने होटल, ढाबा में अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई की गई है।

### इन पर हुई कार्रवाई

इसमें संदीप 26 साल निवासी बजरंग चौक कसडोल, गोविंदा 36 साल निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा, कमलेश 42 साल निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, लखन 27 साल निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, समीर 35 साल निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा, करमू 64 साल निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, राजकुमार 40 साल निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, सुमित 38 साल निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा, जुगेश्वरी 36 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी, भरत निवासी वार्ड क्रमांक 15 पलारी थाना पलारी, नीरज 41 साल निवासी ग्राम धौराभाटा थाना भाटापारा ग्रामीण, सुनील 35 साल निवासी ग्राम ढाबाडीह थाना भाटापारा ग्रामीण, राजू 43 साल निवासी ग्राम सिद्धबाबा थाना भाटापारा ग्रामीण, शंकर 40 साल निवासी ग्राम सिद्धबाबा थाना भाटापारा ग्रामीण, हसन 30 साल निवासी नया गंज वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, हीरालाल 43 साल निवासी ग्रह ढाबाडीह थाना भाटापारा ग्रामीण, धनेश्वर 59 साल निवासी ग्राम खपरी थाना भाटापारा ग्रामीण, रामू 42 साल निवासी ग्राम भोथीडीह थाना भाटापारा ग्रामीण व अन्य और आरोपी शामिल हैं।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### आरक्षक ने घायल गाय का कराया इलाज

**कसडोल।** थाना कसडोल में पदस्थ आरक्षक ने मानवता का परिचय दिया है। विदित हो कि मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे गुरुघासीदास चौक हॉस्पिटल रोड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी में बैठे मवेशियों को किसी अज्ञात वाहन द्वारा घायल कर नौ दो ग्यारह हो गया। इधर मवेशियों के झुंड में एक गाय के पैर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे उसके पैर से खून निकलने के कारण दर्द से तड़प रहा थी। इसी दौरान सामने से गुजर रहे थाना कसडोल के पुलिस आरक्षक राजेश कुमार नवरंगे ने नगर पंचायत कसडोल को सूचना दी।

### निपनिया में चिकित्सा शिविर कल, टुंडरा में शुक्रवार को

**बलौदाबाजार।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष मंत्रालय एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को निपनिया एवं शुक्रवार को टुण्डरा तथा दामाखेड़ा एवं शनिवार को सिरियाडीह आयुर्वेद चिकित्सा निदान एवं उपचार शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतों द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा का निदान किया जाएगा। इसमें मौसमी बीमारियों वायरल फीवर, आई फ्लू, सर्दी, खांसी, बुखार, वातरोग, उदर रोग, चर्मरोग आदि होने से बीपी सुगर, लकवा की शिकायत बढ़ जाती है। शिविर में बीपी शुगर, एनिमिया, मलेरिया आदि की जांच निःशुल्क की जायेगी। विदित हो कि आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली से उपचार करने पर बीमारी जड़ से ठीक होती हैं। विभाग ने जनता से अपील की कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठावें।


## निधन

### सुंदरलाल नायक



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी सुंदरलाल नायक 85 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। मृतक के पुत्र रामकृष्ण नायक, सहदेव नायक, प्रेमनारायण (पप्पू)नायक, कुंती, लता, राधेश्वरी, शकुंतला एवं रेखा के पिता थे तथा दुर्गा नायक, दुर्गेश नायक, गायत्री, बरखा के दादा थे।

### दाऊ लाल देवांगन



**पलारी।** ग्राम देवसुंद्रा निवासी दाऊ लाल देवांगन 70 का निधन हो गया। वे अंचल में लगातार कई वर्षों तक श्री कृष्ण लीला मंडली में कंस का पाठ करने के लिए विख्यात थे। उनके निधन पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे खेलन व भूषण लाल देवांगन पिता थे। उनके निधन पर राजेंद्र मिश्रा, विशाल साहू, अभिराम साहू, गणेश धीवर, भोज वर्मा, शिवलाल साहू, बालमुकुंद यादव उप सरपंच, महेंद्र वैष्णव आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सरस्वती साहू



**भवानीपुर।** ग्राम सांहडा निवासी 77 वर्षीय सरस्वती साहू का निधन हो गया। वह बदिका प्रसाद साहू की पत्नी और शिक्षक दिनेश कुमार साहू तहसील साहू संघ पलारी उपाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सांहडा में हुआ। उनके निधन पर आसपास के ग्रामीण उपस्थित हो कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# आयुष्मान कार्ड बनाने अभियान शुरू, 31 जुलाई तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़/बिलाईगढ़

जिले के 79.9 प्रतिशत जनसंख्या का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले में छूटे हुए सभी व्यक्तियों को अभियान में जोड़कर उनका शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने के लिए 16 से 31 जुलाई तक जिले में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की प्रारंभिक तैयारी विगत एक सप्ताह से सारंगढ़ के कलेक्टोरेट और जनपद पंचायत में लगातार पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारी को नियमित रूप से आवश्यक प्रशिक्षण, लोकेशन बदलने के लिए आदेश और अन्य आवश्यक सारी सुविधाएं मुहैया कराया गई है, ताकि वह घर-घर जाकर छूटे हुए व्यक्तियों का आधार अपडेट और आयुष्मान कार्ड बनाएं।

आयुष्मान कार्ड अभियान के नोडल अधिकारी इसके जिला स्तर पर नोडल अधिकारी हरिशंकरौ हान हैं। इस अभियान के लिए एसडीएम अपने राजस्व अनुविभाग में नोडल अधिकारी हैं। इसी प्रकार ब्लॉक में सीईओ और बीएमओ सहायक नोडल अधिकारी है। इसी प्रकार सीएमओ अपने नगरी निकाय के नोडल अधिकारी हैं।

**कलेक्टोरेट और जनपद पंचायत में कर्मचारियों को दिया गया है प्रशिक्षित**



**आयुष्मान कार्ड से होगा लाभ**

आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार का लाभ है। देशभर के किसी भी चिह्नित सरकारी या निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा है। भर्ती होने से 7 दिन पहले तक की जांच, भर्ती के दौरान उपचार व भोजन और डिस्चार्ज होने के 10 दिन बात तक का चेकअप व दवाएं निःशुल्क उपलब्ध है। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में आयुष्मान कार्ड से कोरोना, कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया डायलिसिस, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, निःसंतानता, मोतियाबिंद और अन्य चिह्नित गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाता है।

## ठेकेदार की लापरवाही को भुगत रहे मोहल्लेवासी, गड्ढों में भरा लबालब पानी

# पाइप लाइन बिछाने खोदी सीसी रोड, गड्ढे बरसात में बने जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



जिले के कसडोल जनपद पंचायत क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा नलजल पाइप लाइन बिछाने के लिए अच्छे से अच्छा सीसी रोड को तोड़कर छोड़ दिया गया है। गर्मी के दिनों में तो जैसा भी आना जाना चल रहा था, अब ठेकेदार एवं कसडोल पीएचई विभाग अधिकारी की घोर लापरवाही से गिधौरी सहित आसपास अंचल के गांवों खोदे गये गड्ढे में बरसात के समय में जगह-जगह घुटनों तक का पानी और किचडमय रास्ते चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण एवं मुहल्लेवासियों को परेशानी भुगतनी पड़ रही है। इस बारे में एसडीओ को लगातार जानकारी देने बाद भी चुप्पी साधे हुए है। दो वर्ष गुजरने के बाद भी ठेकेदार कुम्भकरणी के नींद में सोये हैं। गिधौरी पंचायत के हर मोहल्ला में नल जल योजना के तहत सीसी सड़क को जेसीबी से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। पाइप लाइन का जब से काम शुरू हुआ है तब से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक पेयजल की समस्या का निदान नहीं हो पाया है, लेकिन साप सुथरी सीसी रोड को बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर जानलेवा साबित कर दिया गया है। इस योजना से लोगों को भविष्य में पानी मिले या ना मिले फिलहाल अच्छी सड़क को जेसीबी मशीन से खोद पूरी चौपट कर दिया है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत प्रत्येक घरों तक पीने का पानी साफ व स्वच्छ उपलब्ध कराने सरकार नल जल योजना में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन एक साल बीत जाने बाद भी नल से ना पानी मिला, ना ही खोदी गई सड़क बनी। ग्रामीणों का कहना है गिधौरी के वार्ड क्रमांक 10, 11 में आने जाने में बच्चों लेकर महिलाओं एवं पुरुष, बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**निराकरण किया जाएगा**

समस्या गंभीर है ठेकेदार से बात कर इसका पूर्णत: हल निकाला जावेगा।
**-मनोज दखोडे,** एसडीओ, कसडोल

# पार्षद ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ छात्र-छात्राओं को परोसा गया स्वादिष्ट भोजन

नगर के चंद्रकिरण शर्मा शासकीय कन्या पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के समन्वयक शिक्षक एरावत कुमार साहू ने बताया की यह न्योता भोज कलेक्टर का बेहतरीन कार्यक्रम में से एक है। न्योता भोज का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 15 के पार्षद सागर केशरवानी द्वारा कराया गया। सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। न्योता भोज में विद्यालय के कुल 83 बच्चों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव पार्षद, मनोज तिवारी, सागर केशरवानी, शिव शंकर सोनी, निरंजन कश्यप, पिंटू भट्ट, विद्यालय से अजय सिंह, खन्ना प्राचार्य, एरावत कुमार साहू समन्वयक, टूमन लाल साहू, कमलेश देवांगन, अनुपमा सोनी, सरवन कुमार लकड़ा, लक्ष्मीन मांझी, दिनेश्वरी मांझी, प्रभाकर कश्यप, आत्मानंद विद्यालय से बीके देवांगन प्राचार्य, कोमल साहू व्याख्याता सहित नगर के योगेश शर्मा, धानवीर जाहिरे, आशीष कश्यप, अजय कैवर्त्य और नागरिकगण शामिल हुए।

### महासमुंद बायपास की पुरानी योजना वापस, अब नई योजना बनाने का टेंडर जारीः चोपड़ा

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने महासमुंद शहर बायपास को लेकर पिछले वर्ष 2019 से 2024 तक कांग्रेस शासन एवं उसके जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार की रुचि न लेने के कारण केंद्र सरकार ने बायपास की अपनी पुरानी योजना को वापस ले लिया। अब नए एलाइमेंट के लिए नदी मोड से ओडिशा सीमा तक संपूर्ण रोड के विकास के लिए नई योजना बनाने का टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की स्वीकृति अगले माह होने के पश्चात एनएच- 353 के विकास की नई योजना बनाकर काम किया जाएगा।

# जनपद में हुई मनरेगा निकासी की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत 40 ग्राम पंचायतों में मनरेगा, सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया गया। इसकी निकासी बैठक मंगलवार को जनपद सभागार हाल में एसडीएम की उपस्थिति में संपन्न हुई। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2021–22 एवं 22–23 में संपन्न हुए मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण निकासी बैठक किया गया। अंकेक्षण के दौरान पाये गये कमियों का निकासी बैठक के दौरान ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं सरपंच द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया। अंकेक्षण दल द्वारा जांच में पाये कमियों को पूर्ण करने के निर्देश एसडीएम ने दिए। मनरेगा निकासी बैठक में एसडीएम मिरी, तिल्दा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी, नरेगा कार्यक्रम अधिकारी निलकमल पटेल, मनरेगा अंकेक्षण दल इकाई अनिल लहरे, अमित केशरवानी, विभिन्न ग्राम पंचायतों में जांच किये जांच दल के अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान, आधार, श्रम पीएम विश्वकर्मा कार्ड बनाने होगा ऑनलाइन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



■ जिले में 31 जुलाई तक चलाया जायेगा अभियान

आयुष्मान, आधार, श्रम, पीएम विश्वकर्मा आदि का ऑनलाइन पंजीयन कराने जिला प्रशासन द्वारा 31 जुलाई तक जिले में अभियान चलाया जायेगा, जिसे सफल बनाने नागरिकों से अपील की गई है।

इस अभियान को सफल बनाने कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद पंचायत के सीईओ को पत्र लिखा है, जिसमें ग्राम पंचायत में आधार लिंक एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर के संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पत्र में कहा है कि आधार लिंक एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्राम पंचायत में लगाये जाने वाले शिविर में संपूर्ण व्यवस्था जिसमें इंटरनेट कनेक्शन, टेबल, कुर्सी एवं भवन की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कोटवार के माध्यम से मुनादी करायी जाए। वीएलई शिविर में आधार लिंक, आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन कार्य करेंगे। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में छूटे हुए सभी नागरिकों को 16 से 31 जुलाई तक अभियान में जुड़कर शत-प्रतिशत सभी कार्यों को पूर्ण कर अभियान को सफल बनाने अपील की है।

# भाजपा का मतदाता सम्मान समारोह 19 को, उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



भाजपा मंडल भटगांव में 19 जुलाई को मंडी परिसर में आयोजित मतदाता सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी के लिए आवश्यक बैठक रखी गई। इसमें बिलाईगढ़ विधानसभा के हर बूथ से मातादातों का सम्मान होगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को समारोह में शामिल होने आह्वान किया गया है। मतदाता सम्मान समारोह में विशेष रूप से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, सांसद कमलेश जांगड़े, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, शक्ति जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला प्रभारी निर्मल सिन्हा, जिला अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ सुभाष जालान एवं जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी रहेंगे। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष सुभाष जालान ने बैठक में दी। भाजपा मंडल भटगांव की बैठक में विभिन्न विषयों पर भी चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें नगर भटगांव में भाजपा कार्यालय के लिए भूमि की मांग, नवनिर्मित तहसील भवन का उद्घाटन, तहसील भटगांव में प्रस्तावित उपपंजीयक कार्यालय का शुभारंभ, बंदरी भटगांव में 132 विद्युत वितरण कंपनी का शिलान्यास, नगर भवन भटगांव में संचालित सारबिला एकेडमिक को पुनः प्रारंभ करने प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुभाष जालान, जिला मंत्री एवं नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अध्यक्ष रामनारायण देवांगन, मंडल अध्यक्ष रेवती चंद्रा, महामंत्री श्याम लाल साहू, फूलचंद जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा एवं पार्षद लक्ष्मी साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाईगर कुर्रे, जिला महामंत्री महिला मोर्चा नवीन वैष्णव, धीरज ठाकुर, संजीव साहू, रामदुलार साहू, रंजीता सुरेश रघु, ज्योति सारथी, तुलसी आदित्य, रमा पटेल, देवेंद्र खूंटे, रामनाथ साहू, रमेश साहू, हीरा लाल साहू, सुमंत सोनी, रविंद्र सिंह बनाफर, सोमनाथ केसरवानी, विनोद साहू, पंकज केसरवानी आदि उपस्थित थे।

# साहित्य सदा निष्पक्ष एवं सशक्त होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




■ कोसरंगी में काव्य गोष्ठी का समापन

मधु कलश साहित्य परिषद के तत्वावधान में ग्राम कोसरंगी में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों द्वारा गोष्ठी की शुरूआत की गई। जुगेश चंद्र दास ने अतिथियों के स्वागत में काव्य पाठ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि साहित्य सदा निष्पक्ष एवं सशक्त होता है। यह संस्कृतियों के रूप गुण धर्म की विवेचना करता है। साहित्यकार साहित्य का वह साधक होता है जो शस्त्र बनकर साहित्य की रक्षा साहित्य द्वारा ही करता है। कविता क्या है कुछ दोहों से आपने अति ही सार्थक एवं सारगर्भित उद्देश्यों की प्रस्तुति से सभा को प्रेरित किया और कहा कि साहित्यकार अपनी लेखनी को राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित करते हैं। साहित्यकार राष्ट्र चिंतक हैं एवं अपनी लेखनी को शस्त्र बनाकर कुरीति, अनीति, अन्याय और अत्याचार पर आघात करते हैं।

इस अवसर पर गोपत राम टंडन, हरमन बघेल ईश्वर जोशी पूरन जायसवाल, अशोक दास, खेमचंद कुर्रे, मनीराम, मोहनलाल वर्मा, ताहिर अली खान, कृष्ण कुमार वर्मा, जितेंद्र निर्मलकर, संतोष धीवर, मनहरण घनाक्षरी, चंद्रहास सेन, दिनेश कुमार वर्मा, हरेंद्र कुमार साहू, सुखीराम साहू ने अपनी काव्य रचना की प्रस्तुति की गई। मंच का संचालन जुगेश चंद्र दास द्वारा किया गया।

# नपं में हुआ वार्डों की सीमा निर्धारण का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

■ नगरवासियों से आपत्ति एवं सुझाव 22 जुलाई तक मंगाए गए

जिले के नगर पंचायत सरसीवा और पवनी में नगरपालिका नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव 24 जून से 12 जुलाई तक तैयार कर वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। वार्डों की सीमा निर्धारण से संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन संबंध में 15 से 22 जुलाई तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 25 जुलाई तक नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव तथा उन पर अपना अभिमत सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा प्रदेश के नगरीय निकाय का आम निर्वाचन 2024–25 के दृष्टिगत परिसीमन के लिए समय–सारणी जारी की गई है। नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन 2011 की जनगणना को आधार मान कर किया जा रहा है। जारी समय–सारणी अनुसार वार्डों के परिसीमन के लिए राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट 18 जून को तथा परिसीमन की कार्रवाही हेतु 21 जून को न्यू सर्किट हाऊस रायपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

# मातृशक्ति ने किया पौधारोपण



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अंजू पांडे द्वारा संकल्पित पौधारोपण' कार्यक्रम के तहत ग्राम केसला खरोरा विद्यालय प्रांगण में अपने–अपने पितृदेव कल्याणअर्थ फलदार' और 'छायादार' पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया। उक्त आयोजन में नगर के प्रथम नागरिक अनिल सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा ने पर्यावरण संरक्षण श्रेष्ठ योगदान देने हेतु नगर की ब्राह्मण मातृशक्तियों की सराहना की। पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चारण से, प्रदेश अध्यक्ष अंजू ने आराध्य प्रभु और धरती माता को प्रणाम करके वैदिक रीति से अतिथियों, मातृशक्तियों, छात्र-छात्राओं के साथ पौधा रोपित किए। उक्त आयोजन में पं. सोनम तिवारी, पं. कुसुम शर्मा, पं. कांति शर्मा, पं. अन्नपूर्णा द्विवेदी, पं. विजय शर्मा, पं. अनमोल, पं. आराध्या के साथ पर्यावरण प्रेमी अनिताजी, मंजू और विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर राघव गोस्वामी तथा प्राचार्य वैशाली का इस कार्य में विशेष सहयोग रहा।